समाचार

# समीक्षा बैठक

# रैनवाटर हार्वेस्टिंग पिट निर्माण कार्यो में त्वरित गति लाएं–आयुक्त

(आयुक्त श्री एस.के. दुबे ने की निगम के विभिन्न कार्यो की कार्यप्रगति की समीक्षा)



कोरबा 19 जून 2019 –आयुक्त श्री एस.के. दुबे ने निगम के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि निगम द्वारा विभिन्न जोन में निर्मित कराए जा रहे रैनवाटर हार्वेस्टिंग पिटों के निर्माण कार्यो में त्वरित गति लाएं, बिना अनुमति होने वाले निर्माण पर कड़ी नजर रखें, सी.एण्ड.डी. वेस्ट पर समुचित कार्यवाही सुनिश्चित करें, अतिक्रमण पर ठोस कार्यवाही करें तथा तालाबों के सफाई कार्यो को अंतिम रूप दें।

उक्ताशय के निर्देश अधिकारी श्री दुबे ने आज निगम कार्यालय साकेत भवन में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को दिए। नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभा कक्ष में आज आयुक्त श्री दुबे ने अधिकारियों की बैठक लेकर निगम के विभिन्न कार्यो की कार्यप्रगति की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में अपर आयुक्त अशोक शर्मा, मुख्य लेखाधिकारी पी.आर.मिश्रा, अधीक्षण अभियंता ग्यास अहमद, कार्यपालन अभियंता एम.के. वर्मा, ए.के. शर्मा, एम.एन.सरकार, भूषण उरांव, डॉ.संजय तिवारी, श्रीधर बनाफर, रघुराज सिंह, अशोक बनाफर, जे.पी.वैसवाड़े आदि के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान आयुक्त श्री दुबे ने '' छान्ही के पानी घर म '' अभियान के तहत निगम द्वारा अपने भवनों में निर्मित कराए जा रहे रैनवाटर हार्वेस्टिंग पिट निर्माण कार्यो की कार्यप्रगति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होने कहा कि निगम के जोन कार्यालयों, सामुदायिक भवनों, बड़े छतों वाले सार्वजनिक मंच, स्टेडियम, आडिटोरियम, खेल मैदान के पानी बहाव वाले स्थलों, उद्यानों तथा निगम के स्वामित्व वाले अन्य भवनों में रैनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का निर्माण कार्य कराएं तथा कार्यो में त्वरित गति लाकर समयसीमा में उसे पूरा करें, ताकि आसन्न बरसात के दौरान इन भवनों व स्थानों में गिरने वाले बरसाती पानी को भूमि के अंदर समाहित किया जा सके।

वृक्षारोपण तैयारियों को अंतिम रूप दें– बैठक के दौरान आयुक्त श्री दुबे ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि बरसात शुरू होते ही वृक्षारोपण का कार्य वृहद पैमाने पर प्रारंभ किया जाना है, अतः वृक्षारोपण हेतु स्थलों को चिन्हांकित करते हुए वहां पर आवश्यक तैयारियों को अंतिम रूप दें। उन्होने कहा कि पौधों का रोपण करने के साथ ही उनकी सुरक्षा व संवर्धन भी उतना ही आवश्यक है, अतः यह सुनिश्चित करें कि वृक्षारोपण होने के बाद उनकी सुरक्षा व संवर्धन के लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं की गई हैं।

अनियमित विकास के नियमितीकरण में तेजी लाएं– आयुक्त श्री दुबे ने अधिकारियों से कहा कि अनियमित विकास के नियमितीकरण कार्यो में अपेक्षित गति लाएं, अवैध कालोनियों के सर्वे का कार्य 30 जून तक पूरा करें, बिना अनुमति अवैध रूप से लगाए गए होडिंग आदि को तत्काल हटवाएं तथा शहर के जिन चौक–चौराहों में सी.सी.टी.व्ही.कैमरे लगाए गए हैं, वह कैमरे समुचित रूप से काम करें, यह सुनिश्चित करें।

**अतिक्रमण पर सतत नजर रखें–** आयुक्त श्री दुबे ने अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि निगम क्षेत्र में नया अतिक्रमण न हो, यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करें, अपने–अपने प्रभार वाले क्षेत्रों में कड़ी नजर रखें तथा यदि कहीं अतिक्रमण व अवैध निर्माण की शुरूआत की जाती है तो प्रारंभ में हीं उसे रोकें, अवैध मकान बनने के पहले ही उन पर कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होने कड़े शब्दों में कहा कि अधिकारी कर्मचारियों द्वारा अतिक्रमण को प्रोत्साहित न किया जाए, अन्यथा उनके विरूद्ध भी कड़ी कार्यवाही की जाएगी। आयुक्त श्री दुबे ने सी.एण्ड.डी.वेस्ट पर भी त्वरित रूप से आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

**तालाबों की सफाई को अंतिम रूप दें**– बैठक के दौरान आयुक्त श्री दुबे ने निगम क्षेत्र में स्थित प्रमुख तालाबों की सफाई के कार्यो की कार्यप्रगति की समीक्षा की तथा तालाब के सफाई कार्यो को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए। निगम क्षेत्र में स्थित बड़े नालों की सफाई का कार्य निगम द्वारा कराया गया है, आयुक्त श्री दुबे ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन बड़े नालों की सफाई का कार्य निगम द्वारा पूरा किया गया है, उन पर भी निरंतर नजर रखें तथा यदि पुनः मलवा एकत्रित होता है तो उसकी शीघ्र सफाई कराएं ताकि बरसाती पानी के निर्वाध निकासी सुनिश्चित हो सके।

**पी.एम.ए.वाई. व विविध निर्माण कार्यो की समीक्षा की**– बैठक के दौरान आयुक्त श्री दुबे ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निगम द्वारा निर्मित कराए जा रहे आवासगृहों के निर्माण कार्यो की कार्यप्रगति की समीक्षा की तथा कार्यो में आवश्यक गति लाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होने निगम द्वारा विभिन्न मदों के अंतर्गत कराए जा रहे निर्माण व विकास कार्यो की भी जोनवार समीक्षा की तथा निर्माण कार्यो में गति लाने, गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने तथा निर्धारित समयसीमा में कार्यो को पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।